p>

Title: Request for development of Ganga-Kosi Sangam, Kathihar as a tourist destination.

श्री दुलाल चंद्र गोस्वामी (कटिहार): माननीय सभापति जी, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान अति लोक महत्व के विषय की ओर आकर्षित करना चाहता हूं । बिहार राज्य का एकमात्र उत्तरवाहिनी गंगा - कोसी संगम बटेश्वर त्रिमोहिनी स्थल कुरसेला लोकसभा क्षेत्र कटिहार में अवस्थित है । इसका अंतर्राष्ट्रीय, धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व भी है ।

महोदय, वर्ष 1948 में राष्ट्र पिता महात्मा गांधी जी की अस्थियों का विसर्जन इस महत्वपूर्ण संगम स्थल पर किया गया था, लेकिन आज भी इस संगम स्थल को उतना सम्मान नहीं मिला, जितना मिलना चाहिए था । हालांकि राज्य सरकार द्वारा कुछ सौंदर्यीकरण का कार्य किया गया है ।

अतः मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि अंतर्राष्ट्रीय महत्व को देखते हुए इस संगम तट को भव्य पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जाए । इस संगम तट पर बिहार, बंगाल, झारखंड, नेपाल और बांग्लादेश से लोग आते हैं । यह मोक्षदायिनी माना जाता है । मेरी आपके माध्यम से केंद्र सरकार से मांग है कि इस संगम स्थल का विकास किया जाए ।

20.12 hrs (Hon. Speaker *in the Chair*)